**कोड-002**

# प्री-बोर्ड परीक्षा 2017-18

कक्षा- बारहवीं

विषय - हिन्दी विशिष्ट

CGboardonline.com

समय - 3.00 घंटे

पूर्णांक - 100

---

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 18 से 21 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 22 से 23 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 26 निबंधात्मक प्रश्न है, जिसमें 8 अंक निर्धारित है ।

--------------------CGboardonline.com--------------------

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) आख्यायिका का अर्थ है ।

(अ) निबंध (ब) नाटक (स) लघुकथा (द) उपन्यास

(2) 'सुजान सागर' के रचनाकार है ।

(अ) घनानंद (ब) मतिराम (स) पक्षाकर (द) रत्नाकर

(3) जागव जागव रे किसान के रचनाकार है ।

(अ) उमाशंकर तिवारी (ब) जमुना प्रसाद कसार

(स) पं. श्याम चतुर्वेदी (द) इनमें से कोई नहीं

(4) 'कारण बिना कार्य होना' लक्षण है ।

(अ) संदेह अलंकार (ब) विरोधाभास अलंकार

(स) विभावना अलंकार (द) दृष्टांत अलंकार

(5) फ्री स्टाइल गवाही गद्य की विधा है ।

(अ) संस्मरण (ब) हास्य व्यंग्य (स) आत्मकथा (द) रेखाचित्र

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । CGboardonline.com

(1) वीभत्स रस का स्थायी भाव -------- है ।

(2) खिलौना बनकर मिट्टी -------- रुपा हो जाती है ।

(3) प्रसाद जी के अनुसार सृष्टि का आदि पुरुष -------- है ।

(4) कलई खुलना मुहावरे का अर्थ -------- है ।

(5) सर्वश्रेष्ठ धन -------- को कहते हैं ।

(स) उचित संबंध जोड़िए ।

(1) बेला की ननद - बालू (4)

(2) कृष्ण दूत - सोरठा (5)

(3) विषय लिखा जाना - उद्धव (2)

(4) सिकता - औपचारिक (1)

(5) दोहा का उल्टा - इंदु (1)

CGboardonline.com

प्रश्न 2. मिट्टी और मनुष्य के अटूट संबंध के विषय पर विचार व्यक्त कीजिए।

प्रश्न 3. उद्धव अपने कुर्ते की बांह से आंसुओं को क्यों पोंछ रहे थे ?

प्रश्न 4. प्रयोगवादी काव्य की दो विशेषताएं लिखिये।

प्रश्न 5. हृदय राज्य की रानी से कवि का क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 6. कवि ने भुइयां के भगवान किसे और क्यों कहा है ?

प्रश्न 7. निंदा किस प्रकार कुछ लोगों की पूंजी होती है ?

प्रश्न 8. श्रद्धा किसे कहते हैं ?

प्रश्न 9. बेला के पति का क्या नाम था ? वे किस पद पर थे ?

प्रश्न 10. आदिवासी ऊंचो बागड़ क्यों लगाते हैं ?

प्रश्न 11. दादा मूल राज के चरित्र की 3 विशेषतायें लिखिए।

प्रश्न 12. 'फ्री स्टाइल गवाही' एकांकी का उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 13. मनुष्य को अपने आवास पर गर्व क्यों नहीं करना चाहिये ?

प्रश्न 14. लेखक वियोगी हरि ने विश्वमंदिर में कौन-कौन से महावाक्य खुदवाने की बात कही है?

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिये।

(1) विद्यार्थी का लक्ष्य विद्या प्राप्ति होती है।

(2) आपकी सौजन्यता से मुझे नौकरी मिली। CGboardonline.com

(3) कुत्ता दरबान की तरह पूंछ हिलाता हुआ खड़ा था ?

प्रश्न 16. संदेह एवं भ्रांतिमान अलंकार में 3 अंतर लिखिये।

प्रश्न 17. निर्गुण भक्तिधारा की 3 विशेषतायें लिखिये।

प्रश्न 18. सुमित्रानंदन पंत अथवा गजानन माधव मुक्तिबोध का परिचय निम्न बिन्दुओं में लिखिये।

(1) दो रचनायें (2) भावपक्ष एवं कलापक्ष

प्रश्न 19. मानसरोवर की क्या इच्छा थी ? इच्छा पूरी होने पर क्या हुआ ?

अथवा CGboardonline.com

निंदा का उद्गम हीनता एवं कमजोरी से होता है, कैसे ? समझाइये।

प्रश्न 20. चंद्रधर शर्मा गुलेरी अथवा वियोगी हरि का परिचय निम्न बिन्दुओं में लिखिये।

(1) दो रचनायें (2) भाषा एवं शैली

प्रश्न 21. विश्व मंदिर की उपासना पद्धति की क्या-क्या विशेषतायें होंगी ?

CGboardonline.com

अथवा

गिरहकटों के गिरोह में चीनी यात्री को क्या-क्या कटु अनुभव हुए। उन अनुभवों से उसने क्या सीखा ?

प्रश्न 22. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

दूर के ढोल सुहावने होते हैं क्योंकि उनकी कर्कशता दूर तक नहीं पहुंचती है। जब ढोल के पास बैठे हुये लोगों के कान के पर्दे फटते रहते हैं तब दूर किसी नदी के तट पर संध्या समय, किसी दूसरे के कान में वही शब्द मधुरता का संचार कर देते हैं।

अथवा CGboardonline.com

संभवत: माँ ही ऐसी प्राणी है जिसे कभी ना देख पाने के बाद भी मनुष्य ऐसा स्मरण करता है, जैसे उसके संबंध में कुछ जानना बाकी नहीं। यह स्वभाविक भी है। मनुष्य को संसार में बांधने वाली विधाता माँ ही है। इसी से उसे ना मानकर संसार को न मानना सहज है पर संसार को ना मानकर उसे न मानना असंभव रहता है।

प्रश्न 23. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

सोना सज्जन साधुजन, दूरि जुटै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुम्हार के, एकैधका दरार ॥
गोधन गजधन बाजिधन, और रतन सब खान।
जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान ॥

अथवा

महानील इस परम व्योम में, अंतरिक्ष में ज्योतिर्मान।
ग्रह नक्षत्र और विद्युत्कण किसका करते अनुसंधान।
इंद्रनीलमणि महाचषक था, सोमरहित उल्टा लटका।
आज पवन मृदु सांस ले रहा, जैसे बीत गया खटका ॥

प्रश्न 24. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य को शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र लिखिये।

अथवा CGboardonline.com

यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिये।

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिये। (कोई 3 प्रश्न)

धन वैभव से शारीरिक सुख साधन मिल सकते हैं किन्तु सच्चा एवं चिरस्थायी सुख आत्मिक संपदा बढ़ाने के साथ बढ़ता है। गुण, कर्म स्वभाव में जितनी उत्कृष्टता आती है उतना ही अन्त:करण निर्मल बनता है। इस निर्मलता के द्वारा परिष्कृत दृष्टिकोण हर व्यक्ति हर घटना एवं हर पदार्थ के बारे में रचनात्मक ढंग से सोचना और उज्जवल पहलू देखता है। इस दृष्टिकोण की प्रेरणा से जो भी क्रिया पद्धति बनती है उसमें सत्य धर्म एवं

CGboardonline.com

सेवा का ही समावेश होता है ।

प्रश्न (1) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये ।

(2) अन्त:करण निर्मल कैसे बनता है ?

(3) चिरस्थायी सुख कैसे प्राप्त किया जा सकता है ?

(4) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश 30 शब्दों में लिखिये ।

प्रश्न 26. किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए ।

(1) यातायात के नियमों के पालन की आवश्यकता

(2) भारतीय संस्कृति का महत्व

(3) पर्यावरणीय संकट CGboardonline.com

(4) विज्ञान और मानव जीवन

---00--

CGboardonline.com